हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 8 दिसंबर 2024

13 अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप...

14 राज्यस्तरीय कला उत्सव में शासकीय बालक विद्यालय के...




Shri Gopala HOSPITAL
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल

बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध

24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज

बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### अभा ग्रामीण डाक सेवक संघ का सम्मेलन आज

**अंडा/अर्जुंदा।** अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ दुर्ग संभाग का 13 वां द्विवार्षिक सम्मेलन 8 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से चंद्राकर भवन कुथरेल में आयोजित किया जाएगा। कुथरेल दुर्ग से 10 किलोमीटर बालोद रोड पर स्थित है। दुर्ग के अधिकृत संभागीय सचिव भीषम शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नारायण चौधरी परिमंडल सचिव अखिल भारतीय डाक सेवक बिलासपुर होंगे, अध्यक्षता आजू राम साहू संभागीय अध्यक्ष दुर्ग करेंगे। कार्यक्रम के दौरान राजनांदगांव एवं दुर्ग दोनों संभागों के लिए 15-15 नए पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा।

### पेंशनर समाज तहसील इकाई की बैठक कल

**गुरूर।** पेंशनर समाज तहसील ईकाई की मासिक बैठक 9 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से पेंशनर भवन गुरुर में रखी गई है। अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य पेंशनर समाज तहसील ईकाई सेवाराम तेजस्वी ने बताया कि बैठक में आय–व्यय की समीक्षा, नये पेंशनरों का अभिनन्दन, प्रांतीय व जिला स्तर के पेंशनर, सम्मेलन में उपस्थिति पर चर्चा, तहसील स्तर पर पेंशनर दिवस के आयोजन के संबंध में चर्चा की जाएगी।

### ग्राम पंचायत पलारी को नगर पंचायत का दर्जा

**गुरूर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा अधिसूचना जारी करते हुए ग्राम पंचायत पलारी को नगर पंचायत घोषित किया गया है। इसके लिए ग्रामीणों ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव का आभार जताया है। सरकार द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि ग्राम पंचायत पलारी को ही नगर पंचायत पलारी के रुप में गठित किया गया है। इसमें अन्य किसी पंचायत क्षेत्र को सम्मिलित नहीं किया गया है।

### भटगांव में लोकार्पण कार्यक्रम आज

**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम पंचायत भटगांव में 8 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। ग्राम पंचायत भटगांव के सरपंच भीखाराम साहू ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गुण्डरदेही कुंवर सिंह निषाद होंगे, अध्यक्षता जिला पंचायत बालोद अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा करेंगी। श्री साहू ने बताया कि इस अवसर पर गली सीमेंटीकरण, कलामंच इंटरलाकिंग सेग्रीकेशन, शीतला मंदिर में टाईल्स एवं रंग–रोगन कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा।

**प्लान :** राजाराव पठार (करेंझर) में विराट वीर मेला के लिए पुलिस ने बनाया रूट डायवर्सन प्लान


# धमतरी से कांकेर तक प्रातः 8 से रात्रि 10 बजे तक बड़े मालवाहकों का प्रवेश प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विराट वीर मेला राजाराव पठार (करेंझर) के मद्देनजर रूट डायवर्सन प्लान तैयार किया गया। मालवाहक वाहनों के लिए 08 से 10 दिसंबर तक रूट परिवर्तन होगा। धमतरी से कांकेर तक प्रातः 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक बड़े मालवाहक वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा। बालोद पुलिस ने वाहन चालकों एवं वाहन मालिकों से अपील करते हुए कहा है कि वाहन चालक परिवर्तित मार्ग का उपयोग करें एवं यातायात व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन में बालोद पुलिस का सहयोग करें। अधिक जानकारी के लिए पुलिस कंट्रोल रूम बालोद 94791–91160, यातायात कार्यालय बालोद 94791–91274 पर संपर्क करें। जिले में विराट वीर मेला राजाराव पठार (करेंझर) में 08 से 10 दिसंबर तक होने वाले ▶▶| शेष पेज 12 पर

■ तीन दिवसीय कार्यक्रम आज से बड़ी संख्या में शामिल होंगे लोग

**पुलिस ने वाहन मालिकों व चालकों से की परिवर्तित मार्ग का उपयोग करने की अपील**




### यह है रूट चार्ट

इस मार्ग में यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए धमतरी से चारामा के मध्य तक बड़े मालवाहक वाहनों के लिए प्रातः 08 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्रवेश निषेध किया गया है। इसके स्थान पर परिवर्तित मार्ग बनाया गया है। इसके अनुसार रायपुर/धमतरी तरफ से आने वाले बड़े मालवाहक वाहन के लिए धमतरी सिहावा चौक से डायवर्ट होकर करेगांव–कोलियारी–नगरी–सिहावा–कांकेर होते हुए कोंडागांव जगदलपुर से अपने गतव्य स्थान की ओर जाएंगे। जगदलपुर कोंडागांव की तरफ से आने वाले बड़ी मालवाहक वाहन केशकाल विश्रामपुरी चौक से–विश्रामपुरी–सिहावा–नगरी–धमतरी होते हुए रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे अथवा राजनांदगांव दुर्ग भिलाई जाने के लिए मांकड़ी चौक से भानुप्रतापुर–डौण्डी–दल्लीराजहरा–राजनांदगांव–होते हुए दुर्ग भिलाई रायपुर जाएंगे।



# ग्रामीणों ने बम्हनी को स्वतंत्र पंचायत बनाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

ग्राम पंचायत चीरचार के आश्रित ग्राम बम्हनी को स्वतंत्र पंचायत बनाने की मांग को लेकर गांव में बैठक हुई। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि पंचायत नहीं बनेगी, तो चुनाव बहिष्कार कर विरोध जताएंगे। ग्रामीणों ने कहा कि जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों व क्षेत्र के विधायक कुंवर सिंह निषाद को ज्ञापन दिया, लेकिन कोई भी जवाब नहीं दे रहा है। इसलिए ग्रामीणों ने बैठक लेकर स्वतंत्र पंचायत नहीं बनाए जाने पर चुनाव बहिष्कार का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत चीरचार के आश्रित ग्राम होने का दंश झेल हम लोग झेल रहे हैं। बम्हनी विकास से कोसो दूर है। विकासखंड गुण्डरदेही के ग्राम चीरचार के आश्रित ग्राम बम्हनी के ग्राम पटेल रामसाय देवागन ने बताया कि गांव में समस्याओं का अंबार है, वर्तमान में कुल 07 वार्ड में विभाजित है, ना गलियों में सीमेंटीकरण है, न ही पानी निकासी के लिए समुचित नाली है, सार्वजनिक स्थानों में साफ सफाई नहीं होती है। बता दें कि गांव की आबादी 1000 से ज्यादा है, फिर प्रशासन की उदासीनता के ▶▶| शेष पेज 12 पर

■ मांग पूरी नहीं होने पर चुनाव बहिष्कार की दी चेतावनी

# नेशनल स्कूल गेम में जिले के खिलाड़ी अंजलि और रोहन दिखाएंगे प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

68वीं अंडर 19 नेशनल स्कूल गेम में बालोद जिला के नगर अर्जुंदा की छात्र अंजलि देवांगन भाग लेंगी। यह प्रतियोगिता 9 से 14 दिसंबर तक दिल्ली में आयोजित होगी। पिछले वर्ष भी नगर अर्जुन्दा के वेटलिफ्टिंग एंड सपोर्ट अकादमी से 2 बलिकाओं का अंडर 19 में चयन हुआ था, जिसमें हेमा मंडावी ने राज्य के लिए रजत पदक दिलाया था। हेमा इस वर्ष प्रथम वर्ष में हैं और उनका चयन आल इंडिया यूनिवर्सिटी जोनल गेम के लिए चयन हुआ है। इस वर्ष भी इस अकादमी से 2 बच्चों का चयन स्कूल नेशनल के लिए हुआ है। इनमें अंडर 19 में शासक कन्या शाला अर्जुन्दा की अंजलि देवांगन अंडर 17 में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अर्जुन्दा के छात्र रोहन खिलरिया शामिल हैं।

कन्या शाला की प्राचार्य नूतन गजेंद्र, अंग्रेजी माध्यम स्कूल की प्राचार्य नीलम कौर, पीटीआई अश्वनी पटेल एवं कोच प्रकाश देशमुख ने नेशनल में चयनित बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

■ कल से दिल्ली में शुरू होगी प्रतियोगिता, 14 को होगा समापन



### आलबरस में खो-खो, गोला फेंक व मैराथन दौड़ आज



**अंडा।** दुर्ग जिला अंतर्गत ग्राम आलबरस में 8 दिसंबर को शहीद वीर भगत सिंह खेल क्लब द्वारा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से एकदिवसीय बालक-बालिका मैराथन दौड़ व खो-खो तथा गोला फेंक चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष सोनू देशमुख और राजा देशमुख ने बताया कि कार्यक्रम सुबह 8 बजे से शीतला मंदिर खेल मैदान में होगा। इसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के बालक-बालिका शामिल होंगे। प्रतियोगिता में प्रथम से लेकर दसवें स्थान तक आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू होंगे, अध्यक्षता सरपंच आशा प्यारेलाल देशमुख करेंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक व उपाध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग छत्तीसगढ़ शासन ललित चंद्राकर होंगे, अध्यक्षता सरपंच आशा प्यारेलाल देशमुख करेंगे।

### वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**डौंडीलोहारा।** नगर के व्यस्ततम मार्ग में एक बड़ी दुर्घटना हो गई, जिसमें एक व्यक्ति की जान चली गई। प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के अनुसार घटना शनिवार लगभग शाम 6 बजे की बताई जाती है। ग्राम चिल्हाटीकला के दो व्यक्ति मोपेड में सवार होकर संबलपुर की ओर जा रहे थे, जबकि बड़ी वाहन भी संबलपुर की ओर जा रही थी जो कि बहुत तेज रफ्तार में थी, जिसने मोपेड सवारों को नगर के मामा भांजा पान सेंटर के आगे अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में एक की मौके पर ही मौत हो गई। टीआई वीणा यादव ने बताया कि जैसे ही घटना की जानकारी मिली, घटनास्थल पहुंचने पर एक व्यक्ति की बॉडी पड़ी हुई थी, जिसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया है। सीसीटीवी फुटेज देखने पर लाल रंग का ट्रक नजर आ रहा है। उन्होंने दावा किया कि शीघ्र ही वाहन चालक पकड़ लिया जाएगा। मृतक की पहचान चिल्हाटीकला निवासी देवार पटेल के रूप में की गई है।

# सिकोसा स्थित मछली हाट बाजार में व्यक्तिगत आवंटन पर लगाएं रोक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम सिकोसा के ग्रामीणों ने मछली हाट बाजार का सार्वजनिक व्यापार क्षेत्र रखने व छायादार पेड़ों के काटने पर रोक लगाने के लिए ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम पंचायत सिकोसा में मछली हाट बाजार लगाया जाता है, सार्वजनिक रूप से व्यापार करने के लिए आस पास के लोग भी पहुंच कर व्यापार करते हैं, जिससे पंचायत की आय का साधन भी बना हुआ है। इसे अब पंचायत द्वारा व्यक्तिगत लोगों को आवंटित किया जा रहा है, जिसे ग्रामवासी एवं आस पास से व्यापार करने पहुंचने वाले व्यापारियों ने जगह को सुरक्षित रखने की मांग की है। जनसंख्या बढ़ने पर व्यापार की जगह की आवश्यकता ▶▶| शेष पेज 12 पर

■ ग्रामीणों ने की मांग

**पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

शक्कर 1 KG ₹42
शुभ आटा 5 KG ₹197
हाथी मार्का कच्ची घनी मस्टर्ड ऑयल 1 L ₹155
तुअर दाल राजभोग 1 KG ₹162
शुभम सिल्वर HMT राइस 1 KG ₹52
धौलपुर देसी घी 1 ml ₹489
एबीस सोयाबीन ऑयल 1 L ₹134
फॉर्च्यून सनफ्लावर ऑयल 1 L ₹145
रसमलाई गुड़ 960GM ₹65
सुंदर नाडियाडी मिक्सचर 700 ग्राम BUY 1 GET 1 FREE MRP ₹220
सफोला ओट्स 1 kg+300g FREE ₹50 OFF MRP ₹235
मैगी मसाला नूडल्स 420 GM ₹8 OFF MRP ₹78
हल्दीराम भुजिआ सेव 1 KG ₹53 OFF MRP ₹270
ब्रिटानिया न्यूट्री चॉइस डाइजेस्टिव बिस्किट 1 KG ₹41 OFF MRP ₹199
अग्रवाल्स 420 खमण (ढोकला) 500g ₹31 OFF MRP ₹132
ब्रूक बांड रेड लेबल 1 KG ₹140 OFF MRP ₹540
सफोला हनी 1KG ₹250 OFF MRP ₹495
क्लोज़अप एवरफ्रेश पेस्ट 150*2N 300g ₹62 OFF MRP ₹240
पीयर्स बाथिंग बार 125gx5 (4+1 का पैक) ₹122 OFF MRP ₹372
सर्फ एक्सेल बार 200GMx4 ₹15 OFF MRP ₹125
वैसलीन डीप मॉइस्चर बॉडी लोशन 400ml BUY 1 GET 1 FREE MRP ₹435
बोरोप्लस दूध केसर बॉडी लोशन 400ml BUY 1 GET 1 FREE MRP ₹399
NIVEA मिल्क बॉडीलोशन 400ML BUY 1 GET 1 FREE MRP ₹425
जॉय डीप मॉइस्चर बॉडी लोशन 750ml BUY 1 GET 1 FREE MRP ₹599
घड़ी डिटर्जेंट पाउडर 3KG ₹35 OFF MRP ₹195
शुभम के मार्ट शॉपिंग करो खुलके, पैसे बचाओ जमके !
विंटर फेस्टिवल

*नियम एवं शर्तें लागू; ऑफर स्टॉक रहने तक
बालोद, आकांक्षा टावर - 91091 55688
कस्टमर केयर हेल्पलाइन नंबर : 91091 99110
FOLLOW US ON: shubhamkmartoficl Shubham K Mart @shubhamkmart2926
नियम एवं शर्तें लागू: सभी ऑफर सूचना के बिना बदलाव के अधीन हैं | ऑफर स्टॉक रहने तक। दिखाये गए उत्पादों के ग्राफिक्स केवल सांकेतिक मात्र है | ऑफर स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं | सभी मदभेद केवल रायपुर अदालत के अधिकार क्षेत्र के अधीन हैं | सभी क्रेडिट, डेबिट, सोडेक्सो एवं यूपीआई से भुगतान स्वीकार किये जाते हैं |
सुमीत बाजार

## खबर संक्षेप



### श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए विष्णु

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शुक्रवार को राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर परिसर के महर्षि वाल्मीकि उत्सव मंडप में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय ने व्यास पीठ पर विराजमान आचार्य पवन नन्दन जी द्वारा कही जा रही श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने आचार्य पवन नन्दन जी से आशीर्वाद ग्रहण किया और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उल्लेखनीय है कि श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन श्रीराम मंदिर परिसर में 02 दिसंबर से 08 दिसंबर तक किया जा रहा है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कथा के आयोजकों सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

### संविधान के कारण दबे-कुचले समाज को मिल रहा है महत्व



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन ने संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि विभिन्न स्थानों पर मनाई। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और कहा, बाबा साहब के लिखे गए संविधान के कारण ही हमारा दबा-कुचला समाज आगे बढ़ रहा है तथा अपनी पहचान बना रहा है। इसी से समाज के मुखिया को प्रतिनिधित्व देने के लिए राजनीतिक दल मजबूर हैं। हमारे समाज में तेजी से जागृति आ रही है, यही वजह है कि देश के प्रधानमंत्री पिछड़ा वर्ग से हैं और मुख्यमंत्री आदिवासी वर्ग से हैं। इस अवसर पर विभिन्न समाज के मुखिया और महिला प्रतिनिधि उपस्थित रहे, इनमें शहर जिला धोबी समाज के अध्यक्ष वरुण निर्मलकर, डॉ. एलपी बनर्जी, देवचरण साहू, ललित साहू, छत्तीसगढ़ तर्कशील परिषद की अध्यक्ष कविता मानिकपुरी समेत अनेक दिग्गज नेता शामिल हुए और पिछड़ा जगाओ अभियान राज्यभर में चलाने का आव्हान किया।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 8 को

**धमतरी।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 8 दिसम्बर रविवार को दोपहर 2 बजे से कर्मचारी भवन धमतरी में आयोजित है। बैठक में नये सदस्यों का स्वागत, संघ के सदस्यों का जन्मदिन एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की जायेगी। संघ के सदस्यों से उपस्थिति का आग्रह कृपाशंकर मिश्रा, राजेन्द्र चन्द्राकर, राजकुमार मिश्रा, कृष्णाराम साहू, होलाराम परिहा, यशकरण सिंह गजेन्द्र, गणेशराव पवार, बलवंत डॉ. भारती राव, एसआर नेले एवं हनुमान सिंह वर्मा ने किया है।

# बांड पोस्टिंग के साथ फिर गरमाया पीजी स्टाइपेंड से कम वेतन मिलने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

चिकित्सा विशेषज्ञों का स्वास्थ्य केंद्रों में बांड पोस्टिंग के आर्डर जारी होने के बीच एक बार फिर कम वेतन का मामला गरमाने लगा है। बांडेड डाक्टरों ने तर्क दिया है कि उन्हें पीजी अंतिम वर्ष के दौरान 74600 छात्रवृति मिलती है और अनुबंध सेवा के दौरान 69000 रुपए वेतन दिया जाता है। इस वेतन विसंगति को दूर करने के लिए उनके द्वारा स्वास्थ्य एवं वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव से मुलाकात की गई है।

हरिभूमि सरोकार

स्वास्थ्य विभाग द्वारा हाल ही में बड़ी संख्या में चिकित्सा विशेषज्ञों की नियुक्ति की गई है, जिसके साथ ही वेतन का मामला फिर सामने आ गया है। स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पताल में नियुक्त किए डाक्टरों ने छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन के नेतृत्व में स्वास्थ एवं वित्त विभाग के अधिकारियों से मिलकर वेतन विसंगति में सुधार किए जाने की मांग की है।

उन्होंने तर्क दिया है पिछले साल वृद्धि किए जाने के बाद तृतीय वर्ष के छात्रों 74600, द्वितीय वर्ष के दौरान 72 हजार और प्रथम वर्ष में 69 हजार स्टाइपेंड मिलता है। पढ़ाई पूरी करने के बाद जब उनकी नियुक्ति दो साल की बांड अवधि के दौरान हेल्थ सेंटरों में होती है, तो उन्हें फर्स्ट ईयर की तरह 69 हजार रुपए वेतन दिया जाता है, को विसंगति है। उन्होंने अधिकारियों से इस बारे में हस्तक्षेप करने की मांग की है।

## अंतिम वर्ष की छात्रवृति 74600, बांडेड का मानदेय 69000

### एमपी, ओडिशा, महाराष्ट्र का हवाला

सौंपे गए ज्ञापन में डाक्टरों ने मध्यप्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र के सिस्टम का हवाला देकर पीजी डाक्टर के स्टाइपेंड और अनुबंधित चिकित्सकों की सैलरी में हर वर्ष वृद्धि किए जाने की मांग की है। वेतन वृद्धि के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक को आधार बनाने का जिक्र है। तर्क दिया गया है कि ऐसा करने से प्रदेश में डाक्टरों के बीच पनपने वाला असंतोष दूर हो जाएगा।




*2019 में नहीं बढ़ा : डाक्टर फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह लोधी ने बताया कि वर्ष 2019 में विद्यार्थियों के स्टाइपेंड में वृद्धि हुई मगर बांडेड डाक्टरों का वेतन नहीं बढ़ाया गया था। इसकी वजह से तृतीय वर्ष की पढ़ाई के दौरान बांड सेवा की तुलना में छात्रवृति की राशि अधिक मिलने लगी। इस वेतन विसंगति को दूर करने की कई बार मांग की जा चुकी है मगर अब तक इसके लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है।*

## अक्टूबर के त्योहारी सीजन का भी रिकॉर्ड टूटा

# इतिहास में पहली बार प्रदेश में एक ही माह नवंबर में बिके एक लाख से ज्यादा वाहन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश में ऑटोमोबाइल सेक्टर में नवंबर ने एक ऐसा इतिहास रच दिया है जैसा पहले कभी नहीं हुआ। इस एक माह में रिकॉर्डतोड़ एक लाख से ज्यादा वाहन बिके हैं। इसके पहले कभी इतने वाहन एक माह में नहीं बिके। बीते साल नवंबर में त्योहारी सीजन होने के कारण रिकॉर्ड 91 हजार वाहन बिके थे। नवंबर में इस बार त्योहारी सीजन भी नहीं था, उसके बाद भी रिकॉर्ड वाहन बिके। अक्टूबर में एक साथ नवरात्रि, पुष्य नक्षत्र, धनतेरस और दीपावली सभी एक ही माह में होने के कारण इस माह रिकॉर्ड 63 फीसदी वाहन ज्यादा बिके हैं और इसका आंकड़ा 85 हजार के करीब रहा, लेकिन इस रिकॉर्ड को तोड़ते हुए नवंबर ने एक नया ही इतिहास रच दिया। इसके पीछे एक बड़ा कारण किसानों के पास धान खरीदी का पैसा आना भी है।

खास खबर

अपने प्रदेश में वाहनों की बिक्री लगातार बढ़ रही है। इस साल नए साल के प्रारंभ से ही बिक्री ने रिकॉर्ड बनाने का क्रम प्रारंभ किया है। पहले माह जनवरी में ही 23.63 फीसदी वाहन ज्यादा बिके। बीते साल जनवरी में 46472 वाहन बिके थे, जबकि इस साल 57455 वाहन बिके। इसके बाद फरवरी में बीते साल के 41754 वाहनों के मुकाबले इस फरवरी में 53614 वाहन बिके जो बीते साल से 28.40 फीसदी ज्यादा हैं। मार्च में इस बार 59546 वाहन बिके, जबकि बीते साल 45548 वाहन बिके थे। इस साल 30.73 प्रतिशत की ग्रोथ रही। अप्रैल से नए सत्र का आगाज हुआ तो इस माह भी ग्रोथ जारी रही। अप्रैल में तो बीते तीन माह से ज्यादा 46.37 फीसदी वाहन ज्यादा बिके। बीते साल 39983 वाहन बिके थे, जबकि इस अप्रैल 58522 वाहन बिके। मई में 56115 वाहन बिके जबकि बीते साल 39462 वाहन बिके थे। इस माह 42.20 फीसदी की ग्रोथ रही। जून में मई के मुकाबले कम वाहन बिके, लेकिन ये बीते साल से 28.76 फीसदी ज्यादा रहे। बीते साल जून में जहां 42080 वाहन बिके थे, वहीं इस साल 54182 वाहन बिके। जुलाई में जून से ज्यादा ग्रोथ रही। इस माह ग्रोथ बीते साल से 38.54 फीसदी ज्यादा रही। बीते साल जुलाई में 40149 वाहन बिके थे। इस साल 55622 वाहन बिके। अगस्त में जुलाई के मुकाबले ग्रोथ कम हो गई। लेकिन फिर भी यह बीते साल से 20.25 फीसदी ज्यादा रही। बीते साल अगस्त में 39331 वाहन बिके थे, इस साल 47297 वाहन बिके। सितंबर का माह ही एक ऐसा माह है जिसमें बीते साल से 4.45 फीसदी वाहन कम बिके। इसके पीछे का कारण यह रहा कि इस माह पितृ पक्ष होने के कारण लोगों ने वाहन कम खरीदे।

### नवंबर ने रचा इतिहास

अक्टूबर का माह आटोमोबाइल सेक्टर के लिए सबसे ज्यादा अच्छा रहा। इस एक ही माह में नवरात्रि, पुष्य नक्षत्र और धनतेरस होने के कारण सबसे ज्यादा वाहन बिके। बीते साल दीपावली नवंबर में होने के कारण अक्टूबर में कम वाहन बिके थे और नवंबर में ज्यादा वाहन बिके थे। बीते साल अक्टूबर में 52070 वाहन बिके थे, जबकि इस साल 84839 वाहन बिके। अक्टूबर का रिकॉर्ड नवंबर में टूट गया। इस माह रिकॉर्ड एक लाख आठ वाहन बिके हैं। इसमें सबसे ज्यादा 86552 बाइक बिकी है। इसके बाद 3626 ट्रैक्टर बिके हैं। कारों की बिक्री तीसरे नंबर पर रही। कारें 3503 बिकी हैं। बिक्री के मामले में राजधानी रायपुर हमेशा की तरह पहले नंबर पर है। यहां पर सबसे ज्यादा 15196 वाहन बिके हैं। दूसरा नंबर रायगढ़ का है यहां पर 7583 वाहन बिके। तीसरे नंबर पर जांजगीर चांपा है जहां पर 6492 वाहन बिके हैं।



### एक माह में इतने वाहन पहली बार बिके

एक माह इतने ज्यादा वाहन बिकने का पंजीयन पहली बार हुआ है। इसके पहले एक ही माह में कभी भी एक लाख वाहन नहीं बिके हैं।

- **विवेक गर्ग**, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ फाडा

# बिना व्यवस्था तूता में धरना प्रदर्शन को मंजूरी, पेयजल के लिए तरस रहे प्रदर्शनकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



नया रायपुर के ग्राम तूता धरना स्थल पर पेयजल की अब तक कोई व्यवस्था नहीं की गई है, जिसके कारण यहां धरना-प्रदर्शन करने वाले लोगों को पेयजल की एक-एक बूंद के लिए तरसना पड़ रहा है।

प्रशासन ने तूता में पानी की व्यवस्था तो की ही है, लेकिन पीने का पानी की अब तक कोई व्यवस्था नहीं की है, जिसके कारण प्रदर्शनकारी सुबह से शाम तक प्यासे रहकर प्रदर्शन कर रहे हैं या फिर दुकान से पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। तूता में पिछले चार दिन से अपनी मांगों को लेकर प्रदेशभर के नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए हैं, जो पेजयल के लिए तरस रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने शुक्रवार को अपनी मूल मांगों के साथ पेजयल की मांग को लेकर निगम मुख्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने महापौर व निगम आयुक्त के नाम पर निगम अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा।

*हड़ताल से निगम की व्यवस्थाएं चरमराई, आम लोग परेशान*

*प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल का असर अब राजधानी रायपुर में भी पड़ने लगा है। कर्मचारियों के काम पर नहीं लौटने से मूलभूत सुविधाएं प्रभावित होने लगी है, जिसके कारण आम लोग भी परेशान हो रहे हैं। हड़ताल के कारण घर-घर से कचरा लेने पहुंचने वाली गाड़ियों से लेकर अतिक्रमण तोड़ने, सरकारी संपत्तियों पर लगे अवैध बैनर-पोस्टरों को हटाने, ठेला-गुमटी हटाने की कार्रवाई भी थम सी गई है। इसके साथ ही साफ-सफाई व्यवस्था भी चरमरा गई है, जिसके कारण शहर के अनेकों वार्डों में सड़कों से लेकर नुक्कड़ों, खाली मैदानों एवं नाली-नालों के पास गंदगी का नजारा देखने को मिल रहा है।*

### नियमित सफाई कर्मचारियों के समर्थन से निगम की बढ़ी परेशानी

प्लेसमेंट कर्मचारियों के समर्थन में निगम के कई नियमित सफाई कर्मचारी भी हड़ताल पर हैं। इसके कारण शहर की सफाई व्यवस्था भी चरमाने लगी है। हालांकि इस हड़ताल से दिल्ली की रामकी कंपनी से जुड़े कर्मचारी हड़ताल पर नहीं हैं। शहर में अभी इस कंपनी के कर्मचारी ही सफाई व्यवस्था का काम संभाले हुए हैं, लेकिन इनकी संख्या भी वार्डों में कम देखी जा रही है। इसके कारण वार्ड में नियमित रूप से सफाई फिलहाल नहीं हो पा रही है।

# डामरीकरण हुए कुछ दिन ही बीते, बिजली केबल बिछाने फिर खोद दी सड़क, परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



राजधानी रायपुर में पुलिस लाइन से आगे चांदनी चौक से लेकर बूढ़ेश्वर चौक तक की सड़क पर डामरीकरण कर इसका नवीनीकरण किया गया। नवीनीकरण के कुछ दिन बाद ही इस सड़क को फिर खोद दिया गया है। जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव ने बताया कि सड़क पर विद्युत लाइटें लगाई जानी हैं, जिसके लिए केबल बिछाने का काम होना है। इसी के लिए सड़क की खुदाई की जा रही है। यह खुदाई जरूर केबल बिछाने के लिए की जा रही है, लेकिन गौर करने वाली बात यह है कि यह काम डामरीकरण होने के बाद किया जा रहा है, जबकि यह कार्य पहले से प्रस्तावित था। ऐसे में डामरीकरण होने से पहले यह काम पूर्ण होना था, लेकिन अफसरों की लापरवाही के कारण अब कुछ दिन पूर्व बनाई गई नई सड़क को खोदकर फिर खराब किया जा रहा है।

- गौर करने वाली बात यह है कि यह काम डामरीकरण होने के बाद किया जा रहा

राजधानी रायपुर में शासकीय पैसों का किस तरह से बर्बाद किया जाता है। यह तो नगर निगम और लोक निर्माण विभाग द्वारा डामरीकरण का किए गए कार्य उजागर करते हैं। शहर में बूढ़ातालाब के श्मशान घाट तरफ की सड़क को सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इसके लिए सड़क में कुछ दिनों पूर्व ही डामरीकरण का कार्य किया गया था। यह कार्य पूर्ण होने के बाद सड़क को सुंदर बनाने के लिए सड़क के किनारों को सफेद रंग से पेंट की पट्टी बनाई गई है। इसका काम पूर्ण होने के तुरंत बाद अब सड़क के एक तरफ फिर केबल बिछाने के लिए खुदाई की जा रही है। अफसरों से जानकारी मिली कि यहां विद्युत लाइटें लगाई जाएगी,लेकिन केबल बिछाने के लिए नई हो चुकी सड़क को फिर खोदा जा रहा है, जिससे इसकी सुंदरता फिर खराब हो रही है।

### डामरीकरण के 24 घंटे बाद सिविल लाईन में भी खोद दी गई नई सड़क

शहर में यह पहला मामला नहीं है, जिसमें डामरीकरण होने के बाद नई सड़क को खोद दिया गया हो। इससे पूर्व भी करीब सालभर पहले सिविल लाईन क्षेत्र में न्यू सर्किट हाउस के पीछे वाली सड़क का डामरीकरण का कार्य को 24 घंटे ही बीते थे, कि उस सड़क को पाइप लाइन बिछाने के लिए दोबारा खोद दिया गया था। इस सड़क पर डामरीकरण का कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा किया गया था।

## पवार क्षत्रिय महासंघ की महिला कार्यकारिणी का हुआ गठन



**रायपुर।** अखिल भारतीय पवार क्षत्रिय महासंघ महिला प्रदेश कार्यकारिणी छत्तीसगढ़ का गठन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विशाल बिसेन के मार्गदर्शन और मा. खुशाल कटरे व सुनील गौतम के मार्गदर्शन में सर्वसम्मति से प्रदेश महिला कार्यकारिणी का गठन हुआ। बैठक में मुख्य उद्देश्य बच्चों और युवाओं के विकास के लिए, आजीविका और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए दिसंबर में करियर काउंसिलिंग व गाइडेंस वर्कशॉप आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया। इसके साथ महिलाओं की ज्वलंत समस्याओं और उनके उत्थान के लिए विशेष कार्ययोजना व जिला स्तर पर विकास के लिए समान कार्यकारिणी गठन की योजना बनाई गई। अध्यक्ष डॉ. प्रीति बिसेन ने कहा, हर नई शुरुआत उन्नति, शिक्षण और प्रखरता का अनमोल अवसर है। नई कार्यकारिणी समाजहित के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।

# विक्षिप्त ने चलाया ताबड़तोड़ हथौड़ा आठ गंभीर घायल, महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

खरोरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार एक विक्षिप्त युवक ने एक महिला की हथौड़ा मारकर हत्या कर दी। विक्षिप्त के हमले से आठ लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। घायलों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। घायलों का उपचार खरोरा अस्पताल में चल रहा है।

- विक्षिप्त युवक को घेरकर लाठी-डंडों से भीड़ ने पीटा
- कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने पाया काबू

पुलिस के मुताबिक, कोरसी में मानसिक रूप से विक्षिप्त देवेंद्र पटेल उर्फ डब्बू को 54 वर्षीय महिला कीर्ति साहू की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। देवेंद्र शाम 5 बजे के करीब गांव की गलियों में हथौड़ा लेकर घूम रहा था। इस दौरान उसने अचानक ही शोर मचाना शुरू किया और पास से गुजर रही कीर्ति के सिर पर हथौड़े से हमला कर दिया। हमले से बुरी तरह से घायल कीर्ति की मौके पर ही मौत हो गई। देवेंद्र ने कीर्ति की हत्या करने के बाद राह में आने-जाने वालों को भी हथौड़ा मारने दौड़ाया। इस दौरान मौके पर भगदड़ की स्थिति निर्मित हो गई।

### आरोपी की घेरकर पिटाई

घटना के बाद गुस्साए लोगों ने देवेंद्र को चारों तरफ से घेरकर काबू में किया। इस दौरान भीड़ में शामिल लोग देवेंद्र की लाठी-डंडों से बुरी तरह से पिटाई करने लगे। मौके पर उपस्थित महिलाएं देवेंद्र को पकड़कर पुलिस के हवाले करने की मांग करने लगी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस देवेंद्र को हिरासत में लेकर थाने ले गई।



### थाने में जमकर मचाया उत्पात

जानकारी के मुताबिक, देवेंद्र को अपने कब्जे में लेने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी, तब कहीं जाकर पुलिस देवेंद्र को थाने ले जा सकी। थाने पहुंचने के बाद भी देवेंद्र पुलिस के कब्जे से छूटकर भागने की कोशिश करने लगा। मौके पर उपस्थित पुलिसकर्मियों ने देवेंद्र को जैसे-तैसे कर काबू में किया और लॉकअप के अंदर बंद किया। बताया जा रहा है, देवेंद्र लॉकअप के अंदर भी हंगामा कर रहा था।

## व्यवसाय के लिए दिया जाने वाला लोन

# बैंकों में पीएम स्वनिधि योजना के तहत बहुत कम लोगों को मिल रहा लोन, कलेक्टर ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत व्यवसाय करने एवं बढ़ाने के लिए दिए जाने वाला लोन लोगों को आसानी से मिल नहीं पा रहा है। यही कारण है कि जिले के बैंकों में आवेदनों की तुलना में बहुत कम लोगों के लोन को स्वीकृति दी गई है।

कलेक्टर गौरव सिंह ने शुक्रवार को रेडक्रास सभाकक्ष में डीएलसीसी की बैठक ली। इस बैठक में इस योजना से संबंधित लोन प्रकरणों की जानकारी बैंकों के प्रतिनिधियों ने रखी, जिसे सुनने के बाद कलेक्टर ने इस पर नाराजगी भी जताई।



### योजना का लाभ देने ज्यादा से ज्यादा लोगों के लोन स्वीकृत करें

बैठक में सभी बैंकों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कलेक्टर ने बैठक में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत दिए गए ऋण की जानकारी बैंकों के प्रतिनिधियों से मांगी। सभी बैंक प्रतिनिधियों ने अपने-अपने बैंक से इस योजना के तहत लोन लेने के लिए आए आवेदनों तथा परीक्षण के बाद लोन देने के आंकड़ों से कलेक्टर को अवगत कराया। इन आंकड़ों के अनुसार बैंकों में आए आवेदनों की तुलना में बहुत कम लोगों को लोन दिए गए हैं। इन आंकड़ों को देखकर कलेक्टर ने नाराजगी जताई और निर्देश दिए हैं कि इस योजना का ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ मिलना चाहिए। इसके लिए आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण करें, ताकि लोगों को इस योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने विशेषकर महिला समूहों को लोन प्रदान करते समय प्रक्रियाओं को सरल करने के लिए कहा, ताकि योजना का उन्हें लाभ मिल सके।

### स्लम बस्तियों व उसके आसपास लगाए जाएंगे कैमरे

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि स्लम बस्तियों और उसके आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके लिए बैंकों के सीसीएसआर मद का इस्तेमाल करने में सहयोग किया जाए। उन्होंने, बैंकों को डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देते हुए रायपुर को डिजिटल जिला बनाने के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष...

### धमतरी से कांकेर...

आयोजन को देखते हुए बड़े मालवाहक वाहनों के लिए परिवर्तित मार्ग तैयार किया गया है। आदिवासी समाज के तत्वावधान में 08, 09, एवं 10 दिसम्बर को शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस के अवसर पर राजाराव पठार करेंझर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 धमतरी से जगदलपुर मार्ग चारामा एवं धमतरी के मध्य जिला बालोद अंतर्गत विराट वीर मेला राजाराव पठार (करेंझर) में आयोजन किया जाना है। जिसमें देव मेला आदिवासी हॉट, आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा शहीद वीरनाराण सिंह की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाती है।

कार्यक्रम में बालोद, धमतरी, कांकेर, राजनांदगांव, मानपुर मोहला क्षेत्र के अदिवासी समाज के नागरिक, गणमान्य नागरिक, आम जन बड़ी संख्या में वीर मेला राजाराव पठार में सम्मिलित होने के लिए आते हैं।

### ग्रामीणों ने बम्हनी को...

कारण स्वंतत्र पंचायत नहीं बनने से विकास रूक गया है। आंगनबाड़ी भी जर्जर हो गया, वह उधारी के कमरे चल रहा है। नये आंगनबाड़ी का काम भी कछुआ गति से चल रहा है। द्वारिका पटेल ने बताया कि कई बार अधिकारियों को ज्ञापन व मांग कर चुके हैं कि ब्रहम्णी को स्वतंत्र ग्राम पंचायत बनाया जाए, बावजूद जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधकर बैठे होने के कारण गुस्याए ग्रामीणजन पंचायत नहीं बनने पर चुनाव बहिष्कार कर विरोध करेंगे। बैठक में सोहन पटेल, चोवाराम देवांगन, तेजन लाल साहू, तोमेश्वरी साहू सहित सैकड़ों ग्रामीण व महिलाएं बैठक में शामिल हुए।

### सिकोसा स्थित मछली...

को देखते हुए इसे व्यक्तिगत पंचायत द्वारा प्रदान न करें, इसलिए इस पर रोक लगाई जाए। वहां पर ग्रामीणों द्वारा पौधे लगाए गए हैं। बगल में मीनी गार्डन बनाया गया है। इन्हें सुचारू रूप से सुरक्षित रखने के लिए कार्य किया जाए। ग्राम पंचायत सिकोसा में व्यक्तिगत नाम से प्रदान किया गया है, उसे ग्रामवासी से आपत्ति लगाकर रोक हेतु पंचायत को अवगत कराया गया है। जनता द्वारा आपत्ति को लिखित रूप से पंचायत द्वारा पारित किया गया है, उस पर अमल नहीं करते और काबिज करने का प्रयास किया जाता है तो गांव के व्यक्तियों द्वारा उसी प्रकार से ग्राम पंचायत क्षेत्र के व्यक्तियों द्वारा काबिज किया जाएगा।

### संजय श्रीवास्तव बोले- कांग्रेस ने बार बार संविधान की धज्जियां उड़ाई

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, आज जो कांग्रेसी संविधान बचाने के नाम पर देशभर में शोर मचाते घूम रहे हैं, उनके राजनीतिक चरित्र का सच यह है कि उन्होंने संविधान को हर मौकों पर ताक पर रखा और महज राजनीतिक विरोध के कारण भाजपा और दीगर गैर-कांग्रेसी सरकारों को मनमाने ढंग से बर्खास्त करने में कोई हिचक नहीं दिखाई। एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, आज जिस निर्लज्जता के साथ कांग्रेस संविधान और लोकतंत्र की दुहाई दे रही है, उस कांग्रेस ने एक तो संवैधानिक ढांचे को तहस-नहस करते हुए साम्प्रदायिक तुष्टीकरण की सबसे गंदी मिसाल पेश की, दूसरे लोकतांत्रिक ढंग से चुनी गई उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश की भाजपा की चार राज्य सरकारों को रातों-रात बर्खास्त करके लोकतंत्र की खुले आम हत्या तक की थी जिसे बाद में जबलपुर हाई कोर्ट ने अवैध ठहराया था। हालांकि निर्णय आते तक विधानसभा का कार्यकाल भी समाप्त हो गया था।

## खबर संक्षेप



### डॉ. अम्बेडकर की पुण्य तिथि मनाई गई

**दुर्ग।** हेमचंद यादव विष्वविद्यालय में जननायक डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने उनके जीवन मूल्य और संविधान निर्माण के लिए किए गए उनके कार्यों को रेखांकित किया। वित्त अधिकारी सुशील गजभिये ने बताया कि किस प्रकार डॉ. अम्बेडकर ने सभी जनों को उनका अधिकार देने हेतु संविधान में प्रावधान किया, किस प्रकार से नारी उत्थान के लिए डॉ. अम्बेडकर ने कार्य किया। इस अवसर पर उपकुलसचिव, डॉ. राजमणि पटेल, राजेन्द्र चौहान, सहायक कुलसचिव हिमांशु शेखर मंडावी, डॉ. सुमीत अग्रवाल, दिग्विजय कुमार, कनिष्ठ अधीक्षक योगेश सोनटेके, तकनीकी सहायक, श्रीमती भावना पर्बत, सहायक ग्रेड-01 श्रीमती मंजूषा तिरपुड़े, श्रीमती लता बंजारे, युगल किषोर मंडावी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### कक्ष निर्माण के लिए राशि स्वीकृत

**दुर्ग।** दुर्ग नगर विधानसभा के पांच कार्यों के लिए 53 लाख 96 हजार 423 रूपए स्वीकृत किया गया है। शहर विधायक गजेन्द्र यादव द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा की जाएगी। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार वार्ड क्रमांक 10 विजय नगर मनोकामना मंदिर के पास सहस्त्रबाहू मार्ग स्थित सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य के लिए 9 लाख 99 हजार 641 रूपए, वार्ड 16 जयंती नगर सिकोला बस्ती में स्थित सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य के लिए 11 लाख 99 हजार 899 रूपए, वार्ड 16 जयंती नगर सिकोला बस्ती में स्थित सामुदायिक भवन में रसोई, स्टोर कक्ष निर्माण कार्य के लिए 8 लाख रूपए, वार्ड 40 कसारीडीह न्यास आश्रम सामुदायिक भवन में भूतल एवं प्रथम तल में रसोई व शौचालय कक्ष निर्माण कार्य के लिए 23 लाख 96 हजार 883 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

### विभिन्न कार्यों के लिए साढ़े 57 लाख स्वीकृत

**दुर्ग।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के 10 कार्यों के लिए 57 लाख 48 हजार 5 रूपए स्वीकृत किया गया है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी जनपद पंचायत दुर्ग मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा की जाएगी। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत अंजोरा ख में उड़िया बस्ती सार्वजनिक भवन के पास कलामंच में छत ढलाई निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रूपए, ग्राम पंचायत अंजोरा ख में सार्वजनिक मंच में डोमशेड निर्माण के लिए 10 लाख रूपए, ग्राम पंचायत अछोटी में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 11 लाख 99 हजार 981 रूपए, ग्राम पंचायत उमरपोटी में सीसी रोड निर्माण कार्य 2 लाख 99 हजार 771 रूपए, ग्राम पंचायत चिरपोटी में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 7 लाख 99 हजार 510 रूपए, भानपुरी में वार्ड-4 सार्वजनिक मंच निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रूपए, ग्राम पंचायत भानपुरी में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 3 लाख 99 हजार 755 रूपए स्वीकृत किया गया है।

# बोआई से लेकर कटाई-मिंजाई तक आज भी पारंपरिक तरीके से खेती कर रहे कुछ किसान

## आधुनिकता के इस दौर में ग्राम अंधियाटोला में देखने को मिल रहा सब कुछ पारंपरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

आधुनिकता के इस दौर में जहां किसान भी अत्याधुनिक हो रहे हैं और कुछ घंटों में खेतों से फसल की कटाई कर अपने घर ले आ रहे हैं, वहीं जिले के कुछ किसान ऐसे भी हैं, जो अपने पशुओं के चारे के लिए पारंपरिक तरीके से खेती किसान का कार्य कर रहे हैं। पुराने तरीकों को अपनाकर धान की फसल की कटाई और मिंजाई करते दिख रहे हैं।

वर्तमान में कई ऐसे किसान हैं, जो अपने पशुओं के लिए पैरा की व्यवस्था के लिए व धान की सुरक्षा के लिए पुराने तकनीकों पर भरोसा कर रहे हैं। एक ऐसा ही उदाहरण ग्राम अंधियाटोला में देखने को मिल रहा है, जहां किसानों द्वारा धान की हाथों से कटाई कर उसे ब्यारा में लाकर रखने से लेकर उसे मिंजाई की जा रही है। धान मिंजाई के बाद धान की सुरक्षा के लिए ब्यारा में झोपड़ी बनाकर रात को रखवाली करते नजर आ रहे हैं। ग्राम अधियाटोला निवासी अवधराम ठाकुर, राजेन्द्र ठाकुर ने बताया कि वे पारंपरिक तरीके से धान की कटाई करते हैं। धान की कटाई हाथो से करवाकर उसे बैल गाड़ी के माध्यम से साफ सफाई व गोबर से लिपाई किये गए स्थान ब्यारा में लाकर रखते हैं, जहां मिंजाई करने के बाद बचे पैरा को पशुओं के चारे के रूप में उपयोग में लाते हैं।



### लॉरी का निर्माण

धान की चोरी न हो इसके लिए किसान अपनी जान जोखिम में डालकर ब्यारा में लारी का निर्माण कर रखवाली करते हैं। लॉरी कई तरह से बनाया जाता है जिसके तहत लकड़ियों के माध्यम से झोपड़ी, खाट के ऊपर पाल व पैरा बिछाकर, बैल गाड़ी पर पाल व पैरा बनाकर निर्माण किया जाता है। इसमें किसान रात के समय ब्यारा में सोते हैं तथा फसल की सुरक्षा करते हैं। हालांकि यहां किसानों को सांप तथा कीड़े मकोड़ों के साथ ही जंगली क्षेत्रों में जंगली जानवरों का भी भय बना रहता है, लेकिन वे फसल की सुरक्षा के लिए डटे रहते हैं।



## राहत : आवास निर्माण के पूरे कार्यों की मॉनिटरिंग करेंगे आवास मित्र

# पीएम आवास बनाने चालीस रुपए सस्ते में सीमेंट उपलब्ध कराएंगे डीलर

## जिला पंचायत में शुक्रवार को कंपनियों के साथ की गई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को कंपनियों द्वारा सस्ते में सीमेंट उपलब्ध कराई जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा इसके लिए जेके लक्ष्मी, एसीसी और अल्ट्राटेक कंपनी से समझौता किया गया हैं। जिले में करीब करीब साढे सात हजार पीएम आवास बनाने की तैयारी है। जिला प्रशास के इस पहल से साढे सात हजार मकान के लिए हितग्राहियों के करीब पौने दो करोड रूपए की बचत होगी। जिले में कंपनियों द्वारा निर्धारित किए गए डीलर से हितग्राही सीमेंट खरीद सकेगें।

जानकारी अनुसार सस्ते दर पर सीमेंट उपलब्ध कराने का प्रयास प्रदेश के दुर्ग में किया गया हैं। हितग्राहियों को पीएम आवास के लिए एक लाख बीस हजार ही दी जाती हैं। शुक्रवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष आवास मित्रों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सीमेंट कंपनी के प्रतिनिधि पर मौजूद थे। इस बैठक में तीनों कंपनियों ने बाजार दर से करीब चालीस रूपए कम दर पर सीमेंट उपलब्ध कराने पर सहमति बनी हैं। प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को प्रोत्साहन करते हुए कलेक्टर ने कहा कि, दुर्ग ग्रामीण में 7381 आवास निर्माण किया जाना है। उसमें प्रमुख भूमिका नव नियुक्त आवास मित्रों की रहेगी। उन्होंने लक्ष्य को साझा करते हुए नव नियुक्त आवास मित्रों को ईमानदारी व दृढ़ निश्चय के साथ कार्य करने को कहा। साथ ही माह मार्च 2025 तक आवास को पूर्ण कराने का लक्ष्य साझा किया गया।



### एक मकान में 65 बोरी की खपत

एक मकान बनाने में 65 बोरी की खपत होती हैं। जिले में साढे सात हजार मकान बनेगें। इसमें एक करोड 90 लाख की रियायत हितग्राहियों को मिलेगी। कलेक्टर ने आवास निर्माण की अनुदान राशि समय-सीमा में दिए जाने एवं जियों टेगिंग भी समय-सीमा में पूर्ण करने को कहा। हितग्राहियों को जॉब कार्ड के साथ मजदूरी भुगतान समय पर किए जाने की बात कही। आवास निर्माण में उपयोग होने वाले सामग्री का व्यवस्थित रूप से उपलब्ध कराना जाना सुनिश्चित करें, ताकि आवास निर्माण कार्य में प्रगति लाया जा सके।

### तीन माह में आवास पूर्ण कराने का टारगेट

जिले में बनने वाले पीएम आवास को आगामी तीस मार्च तक पूरा कराने कहा गया है। इसके लिए तीनों ब्लाको में आवास मित्रों का चयन किया गया हैं। जिनकी जिम्मेदारी होगी, कि वे समय पर आवास के कार्य पूर्ण कराए। जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे ने कहा कि, तकनीकी मार्गदर्शन एवं सामग्री की उपलब्धता में सहयोग की दृष्टि से 52 हितग्राहियों का आवास मित्रों का चयन किया गया है।

### मिलेगी मनरेगा मजदूरी और शौचालय की राशि

पीएम आवास योजना बनाने मनरेगा के तहत हितग्राहियों को नब्बे दिन की मजदूरी राशि भी दी जाती हैं। पीएम आवास के लिए चार किस्तों में एक लाख बीस हजार रूपए उपलब्ध कराया जा रहा हैं। अधिकारियों ने बताया कि, इसके आलावा ग्रामीण में शौचालय के लिए बारह हजार रूपए अलग से दिया जाएगा। आवास मित्रों को प्रधानमंत्री आवास समय सीमा में पूर्ण कराने व 90 दिवस का मनरेगा मजदूरी राशि को हितग्राहियों के खाते में हस्तांतरित करने में सहयोग प्रदान करना हैं।

### मिलेगी राहत

हितग्राहियों को चालीस रूपए प्रति बोरी सस्ते में डीलर सीमेंट उपलब्ध कराएंगे। तीन कंपनियों ने सहमति दी हैं। जल्द ही डीलरों की सूची जारी की जाएगी।

**-बजरंग दुबे,** सीईओ जिला पंचायत दुर्ग

# अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप

## जांच व कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

■ कलार समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

कलार समाज की बेटी वीणा गजेन्द्र पिता पुरुषोत्तम गजेन्द्र का इलाज के दौरान मृत्यु की न्यायिक जांच व कार्रवाई की मांग करते हुए युवा मंच कलार समाज बालोद ने अपर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि वीणा गजेन्द्र चारामा निवासी उम्र 20 वर्ष असामान्य माहवारी की समस्या के उपचार के लिए 25 नवंबर को अपने माता पिता के साथ रायपुर स्थित अस्पताल गई थी। अस्पताल प्रबंधन द्वारा भर्ती करने के बाद सामान्य जांच–परीक्षण 10–15 मिनट में हो जाना बताया गया। लेकिन बिना कोई ठोस बीमारी की वजह बताये उसे वेंटिलेटर में 6 से 7 घंटे तक रखा गया और 26 नवंबर को उसे मृत घोषित कर दिया गया। स्वस्थ बच्ची हंसते खेलते समान्य जाँच व इलाज के लिए अस्पताल गई और 24 घंटे के भीतर उसकी मृत्यु हो गई, जो लापरवाही एवं गलत इलाज का ही दुष्परिणाम है। समाज के लोगों ने ऐसे अस्पताल प्रबंधन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की ह।

# मासिक बैठक में पेंशनरों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला बालोद की मासिक बैठक पेंशन भवन शिकारी पारा बालोद में हुई। भारतीय स्टेट बैंक शाखा बालोद की ओर से पेंशनरों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य शाखा प्रबंधक गौरव भटनागर तथा विशिष्ट अतिथि फील्ड ऑफिसर लखनलाल गौड़ थे। विशेष अतिथि सेवानिवृत्ति वन परिक्षेत्र अधिकारी दशरथ कलिहारी, सेवानिवृत्ति कृषि विस्तार अधिकारी घनश्याम सिंह कौमार्य थे, अध्यक्षता डॉक्टर आरएम चावड़ा ने की। शाखा प्रबंधक गौरव भटनागर ने पेंशनरों की समस्याओं सुनी और उन्हें बैंकिंग सुविधाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। फूलबाई विश्वकर्मा डौंडी के पारिवारिक पेंशन दिलाने हेतु संबंधित शाखा प्रबंधक एवं सीपीपीसी रायपुर से जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया। संघ के सक्रिय सदस्यों एवं पदाधिकारी को ब्लैंकेट एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण में आयुष चिकित्सक डॉक्टर कामना पाठक, डॉक्टर पूनम सोनकर, डॉक्टर एंजेल आभा कुजूर, टेक्नीशियन भूपेद्र कुमार सोनबेर उपस्थित थे। उन्होंने 35 पेंशनरों का बीपी, शुगर एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। 70 वर्ष से अधिक उम्र के 8 सदस्यों का आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन जन आरोग्य योजना के अंतर्गत कार्ड का नवीनीकरण किया गया। रामकिशोर अवस्थी, दशरथ कुमार कलिहारी, दुलार दास, मधु कांत यदु, रामकिशोर अवस्थी, जयसिंह ठाकुर, डीएस भंडारी, भगवत प्रसाद ठाकुर, राजू लाल साहू ने सदस्यता ग्रहण की। जिला अध्यक्ष डॉ चावड़ा ने 17 दिसंबर को बीजापुर में आयोजित प्रांतीय सम्मेलन में शामिल होने का आग्रह किया। बैठक में डब्लूआर वानखेडे, बलराम साहू, लखन प्रसाद तिवारी, गिरधर लाल साहू, ठाकुर राम, इतवारी राम देवांगन, जय सिंह ठाकुर, रामकिशोर अवस्थी, कौशल देवांगन, उमेंद्र लाल डोंगरे सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।



■ आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत कार्ड का किया गया नवीनीकरण

### बोहरा ने कलेक्टर चौधरी से की मुलाकात



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा प्रभारी मंत्री दुर्ग जिला के द्वारा जिला स्तरीय समिति पशुधन क्रूरता निवारण समिति के मनोनयन नियुक्ति पश्चात जिला पशुधन क्रूरता निवारण समिति के अशासकीय सदस्य संजय बोहरा ने कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से मुलाकात की। वे समिति के जिला अध्यक्ष हैं। उन्होने अध्यक्ष के समक्ष अपने विचार और सुझाव रखें। श्री बोहरा ने कार्यशाला और कानून दंड के बारे में जानकारी अधिक से अधिक संख्या में लोगों के पास पहुंचाने की बात रखी गई। जिस पर तत्काल करवाई और निर्णय लेने का आश्वासन अपने समिति के सचिव दुर्ग जिला उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवा के सामने रखी। विदित हो इस समिति में सात सदस्य होते हैं।

# शहर अध्यक्ष को हटाने वाले एसके अग्रवाल ने पार्टी से दिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

आम आदमी पार्टी के दुर्ग शहर अध्यक्ष संजय सिंह के निष्कासन का आदेश जारी करने वाले लोकसभा अध्यक्ष डां एसके अग्रवाल ने शुक्रवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया हैं। जबकि इधर प्रदेश संगठन ने शहर अध्यक्ष को यथावत पद पर बने रहने की सहमति दे दी हैं।

आम आदमी पार्टी के दुर्ग संभाग प्रभारी व प्रदेश संगठन मंत्री संजीत विश्वकर्मा एवं दुर्ग संभाग प्रभारी व प्रदेश उपाध्यक्ष घनश्याम चंद्राकर ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता आयोजित कर दिया है। आम आदमी पार्टी के दुर्ग लोकसभा अध्यक्ष डॉ. एसके अग्रवाल द्वारा 5 दिसंबर को पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलग्न होने का आरोप लगाते हुए आप के दुर्ग शहर अध्यक्ष संजय सिंह को पार्टी से 6 वर्षों के लिए निष्कासित करने का आदेश जारी कर दिया गया था। यह आदेश उन्होने पार्टी के केन्द्रीय व प्रादेशिक नेतृत्व को बगैर विश्वास में लिए जारी किया था। प्रादेशिक नेतृत्व ने गंभीरता से लेते हुए मामले के पटाक्षेप के लिए दुर्ग संभाग प्रभारी संजीत विश्वकर्मा व घनश्याम चंद्राकर को दायित्व सौंपा गया था। दुर्ग संभाग प्रभारी द्वय द्वारा संजय सिंह के निष्कासन को गलत बताया गया और शुक्रवार को आप के दुर्ग शहर अध्यक्ष संजय सिंह के अपने पद पर यथावत बने रहने के आदेश भी उनके द्वारा जारी कर दिए गए है।




# शुरू हो गई रबी की तैयारी

**लाटाबोड़।** जिले में साल दर साल जलसंकट लगातार गहराता जा रहा है। गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या सभी के लिए चुनौती बन चुकी है। साल-दर-साल गिरता भू-जागरुकता जलस्तर गंभीर के बाद भी कई लोग पानी का मूल्य नहीं समझ रहे हैं। परिणाम स्वरूप हर साल पेयजल संकट गहराता जा रहा है। बावजूद इसके गर्मी फसल में धान नहीं लेने की समझाइश कई लोगों के लिए काम नहीं आ रही है। कुछ लोग आज भी गर्मी में धान फसल ले रहे हैं। लाटाबोड़ के सरपंच गंगा प्रसाद साहू पिरीद के सरपंच अवधराम साहू, कमरौद के सरपंच चमेली खिलानंद पटेल, ने कहा अगर गिस्ते भू-जलस्तर को लेकर अगर हम अभी नहीं संभले, तो बहुत देर हो जाएगी और आने वाले दिनों में पीने के लिए पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस जाएंगे।



कृषि विभाग के अधिकारी कहते हैं कि किसानों को गर्मी के सीजन में साग-सब्जी, दलहन व अनाज की अन्य फसल लगानी चाहिए, जिसमें कम पानी लगता है। लेकिन, कई लोग इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। कुछ गांवों में इन दिनों धान की खेती के लिए नर्सरी तैयार की जा रही है, जिसमें पानी के लिए लगातार बोर चल रहा है। इससे गांव के अन्य पेयजल स्त्रोतों पर प्रभाव पड़ता है। जलस्तर नीचे चला जाता है और गांव में पीने के पानी की समस्या होने लगती है।













विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सेलूद पहुंचेंगे अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख डॉ. पंड्या

**अंडा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के प्रमुख डॉ. चिन्मय पंड्या ग्राम सेलूद में आयोजित 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, विराट महिला सम्मेलन और श्रीमद प्रज्ञा महापुराण कथा में शामिल होंगे। बता दें कि यह कार्यक्रम 2 से 5 जनवरी 2025 तक होगा है। डॉ. दयाराम साहू पूर्व विधायक गुण्डरदेही, अशोक सिंह राजपूत समन्यक, खेमलाल साहू संयोजक, ठाकुर अजय सिंह, संजय यदु ने बताया कि वे बालाघाट के आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। वहां उन्होंने अखिल विश्व गायत्री परिवार के प्रमुख डॉ. चिन्मय पंड्या को सेलूद में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने का का आग्रह करते हुए निमंत्रण दिया। डॉ पंड्या ने निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार कर कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति प्रदान की।

### इलाज कराने पहुंची नाबालिग निकली गर्भवती, मामला दर्ज

**बालोद।** जिले में एक सप्ताह में दूसरी बार नाबालिग के गर्भवती होने का मामला सामने आया है। बता दें कि शनिवार को मिली जानकारी अनुसार जिले के एक अस्पताल में पेट दर्द होने पर इलाज कराने आई 14 वर्षीय नाबालिग 4 माह की गर्भवती निकली है। डॉक्टरों की सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने पीड़िता के बयान पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जिले के कंवर चौकी क्षेत्र का पूरा मामला बताया जा रहा है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार बालिका के घर पुताई करने आए युवक के साथ जान पहचान हुई थी। उसके बाद युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

### राज्यपाल डेका 9 को आईआईटी भिलाई में

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका 9 दिसंबर को आईआईटी भिलाई के प्रवास पर रहेंगे। वे यहां संस्कृति, भाषा और परंपरा केंद्र (सीसीएलटी) का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम आईआईटी के नालंदा हॉल में सुबह 11 बजे से आयोजित है। सीसीएलटी की स्थापना सांस्कृतिक विरासत, स्वदेशी ज्ञान, लुप्तप्राय भाषाओं और सतत विकास पर अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए की गई है। केंद्र भाषाई विविधता, सांस्कृतिक बहुलवाद, पारिस्थितिक ज्ञान और विशेष रूप से छत्तीसगढ़ और बड़े पैमाने पर भारत की सामूहिक स्मृति को अग्रभूमि पर लाने के लिए काम करेगा। राज्यपाल सीसीएलटी के लोगो का अनावरण करेंगे।

धान खरीदी : फड़ों में भूसा व कैप कवर नहीं होने के कारण खाली नहीं हो पा रहीं गाड़ियां

# संग्रहण केंद्रों के बाहर खड़े धान से भरे कई वाहन, नहीं हो पा रही अनलोडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में आधी-अधूरी तैयारी के साथ धान का परिवहन आरंभ किया गया, अब संसाधन के अभाव में संग्रहण केन्द्रों में धान की अनलोडिंग नहीं हो रही है। धान से भरी गाड़ियां कई दिनों से संग्रहण केन्द्र के बाहर खड़ी हैं। धान खरीदी प्रारंभ हुए 24 दिन हो गए हैं। 18 दिनों तक समितियों द्वारा धान की खरीदी की जा चुकी है। इन 18 दिनों में समितियों द्वारा खरीदे गए धान का उठाव नहीं होने के कारण धान खरीदी केन्द्रों में जाम की स्थिति निर्मित हो गई है। वहीं पिछले 5 दिनों से जिले में धान का परिवहन प्रारंभ किया गया है। लेकिन धान संग्रहण केन्द्रों में सही व्यवस्था नहीं होने के कारण गाड़ी मालिकों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गाड़ी मालिकों ने बताया जिले में 4 धान संग्रहण केन्द्र हैं। वहां गाड़ियां धान लोड की स्थिति में खड़ी हुई हैं, लेकिन संग्रहण केन्द्रों के फड़ों में भूसा, कैप कवर की सही व्यवस्था नहीं होने से गाड़ी खाली नहीं हो पा रही है। इसके कारण संग्रहण केन्द्रों में गाड़ियां जाम होकर खड़ी हुई हैं। ऐसी स्थिति में धान का उठाव नहीं हो पाएगा। इससे धान समितियों में जाम हो जाएगा, जिससे खरीदी प्रभावित हो सकती है।

- खरीदी शुरू होने के काफी दिनों बाद शुरू हुआ परिवहन, फिर भी पूरी नहीं हो पाई तैयारी



**व्यवस्था होते ही कराएंगे भंडारण**

कैप कव्हर की सप्लाई नहीं होने के कारण धान को अंदर नहीं रखवा सकते। एक दिन में 100 गाड़ी का परिवहन हो रहा है। व्यवस्था होते ही भण्डारण आरंभ हो जाएगा।
-सौरभ भरद्वाज, जिला विपणन अधिकारी

**एक दिन का काम 4 दिन में, हो रहा नुकसान**

वहीं, संग्रहण केन्द्रों में 3 से 4 दिनों में गाड़ी खाली होने की स्थिति में गाड़ी मालिकों को भी नुकसान हो रहा है। उनका कहना है कि जो काम एक दिन में हो सकता था वह 3 से 4 दिनों में करने के कारण आर्थिक समस्याओं का भी करना पड़ रहा है। वहीं, इस तरह की परेशानियों को देखते हुए गाड़ी मालिकों द्वारा धान परिवहन के लिए गाड़ी नहीं लगाने को लेकर चर्चा तेज होती जा रही है।



## सहकारी समिति तवेरा के प्राधिकृत अध्यक्ष तेजराम ने लिया पदभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर/ गुण्डरदेही

सेवा सहकारी समिति तवेरा के नवनियुक्त प्राधिकृत अध्यक्ष तेजराम साहू ने पदभार ग्रहण किया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष लेख राम साहू थे, अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष ठाकुर राम चंद्राकर ने की। विशेष अतिथि मण्डल अध्यक्ष गुण्डरदेही दुष्यन्त कुमार सोनवानी, मण्डल महामंत्री थानसिंह मंडावी, सेवा सहकारी समिति परसदा अध्यक्ष कुलदीप साहू, पर्यावरण जिला संयोजक सतीश महोबिया, अधिवक्ता कृष्णमूर्ति तिवारी, भाजपा नेता योगेश्वर साहू थे। प्राधिकृत अध्यक्ष तेज राम साहू ने किसानों हितों को प्रथिमिकता देते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं के लिए हमेशा तत्पर रहकर समाधान करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसान हितैषी सरकार है। हम सब मिलकर सहकारिता की सरकारी योजनाओं की जानकारी किसानों तक पहुंचाएंगे। इस अवसर पर सहायक समिति प्रबंधक प्रदीप कुमार ठाकुर, कंप्यूटर आपरेटर नीरज निषाद, लिपिक लीलेश साहू, सरपंच दुलार सिंह नौरंगे, देवलाल साहू, सनत साहू, खुमान सिंह साहू, द्वारिका साहू, प्रीतम सिन्हा, परमानन्द साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## प्रशिक्षण लेकर गृहग्राम तिरगा लौटा प्रथम अग्निवीर नीलेश, ग्रामीणों ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तिरगा में प्रथम अग्निवीर जवान नीलेश निषाद ट्रेनिंग के बाद गांव वापस आने पर उनका ग्रामवासियों ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य भूपेंद्र बेलचंदन ने उन्हें बधाई देते कहा कि यह हमारे गांव के लिए गौरव की बात है कि नीलेश निषाद प्रथम अग्निवीर के रूप में देश की सेवा के लिए सेना में शामिल हुआ है। उन्होंने कहा कि मां भारती की सेवा के लिए प्रत्येक युवा इनसे प्रेरणा लेंगे। इस अवसर पर उन्होंने हाईस्कूल में एनसीसी पुनः आरंभ करने की बात कही। इस अवसर पर शाला विकास समिति अध्यक्ष युवराज देशमुख, ग्राम पंच दधीच देशमुख, ओंकार बेलचंदन, अग्निवीर नीलेश की माता पूर्व जनपद सदस्य सरोजनी निषाद, नारायण देशमुख, गंगा देशमुख, कुलदीप बेलचंदन, प्रणय देशमुख, छोटू, राजा सहित सभी ग्रामवासी उपस्थित थे।

## राज्यस्तरीय कला उत्सव में शासकीय बालक विद्यालय के छात्रों ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



राज्य स्तरीय कला उत्सव का आयोजन शासकीय शिक्षण संस्थान रायपुर में 3 से 5 दिसंबर में किया गया था। कार्यक्रम में प्राचार्य आलोक शर्मा, समग्र शिक्षा के संचालक अजय पिल्लई और कार्यक्रम प्रभारी नीलम कुशवाहा उपस्थित थे। मंच संचालन मोहित शर्मा और लाखेश्वर साहू ने किया। इस अवसर पर बालोद जिला के डौंडीलोहारा ब्लॉक के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने सामूहिक वादन और 3 आयामी मूर्ति कला में अपना प्रदर्शन किया। विभिन्न विधाओं के अनुसार निर्णायकों पद्म भारती बंधु व राकेश तिवारी उपस्थित रहे। बालक शाला के विद्यार्थियों ने सामूहिक वादन गड़वा बाजा बजा कर, छत्तीसगढ़ में प्रचलित विवाह गीत तेलमाटी, चुलमाटी, बारात में बजाने वाले धुन का वादन किया। मंच सज्जा के माध्यम से विवाह का परिदृश्य निर्मित किया गया। बच्चों ने ऐनुका शार्वा तथा भूपेंद्र पटेल के मार्गदर्शन में प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप मेश्राम ने खुशी व्यक्त की है। कार्यक्रम में भोजराज, छत्रेश, पुष्पेंद्र, पूनम, तथा लोकेश आदि ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। इस पर विद्यालय के व्याख्याता अविनाश साहू, सौरभ शर्मा, डुप्ले शाहू, लवन साहू, तेजेश्वरी साहू, छाया नंदा, आरएन योगी ने हर्ष व्यक्त किया है।



### ओबीसी महासभा ने डॉ आंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

**डौंडीलोहारा।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के 69वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर नगर स्थित स्मारक स्थल पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ओबीसी महासभा प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम एवं अंबेडकर स्मारक समिति अध्यक्ष ओबीसी पुनेश्वर देवांगन, पुरेंद्र कुमार भुआर्य, पल्लवी भुआर्य ने मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ने बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के संदेश शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो को जीवन में चरितार्थ करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान को हर घर में पढ़ना चाहिए और दूसरों को पढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए, क्योंकि आज संविधान की बदौलत ही हमारा मान सम्मान, स्वतंत्रता, बंधुता, समता एवं अखण्डता बरकरार है। श्रद्धांजलि सभा में हरीश, राजवीर, राघवेंद्र, खिलेंद्र, नागेश्वर, सूरज, सूर्यकांत, उमेश, राहुल, प्रेम सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## शासकीय विद्यालय मुड़खुसरा में छात्रों व शिक्षकों ने सीखा योग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुड़खुसरा में एक दिवसीय निशुल्क योग शिविर पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिविर में 230 विद्यार्थियों और शाला स्टाफ ने योग की विधाओं को सीखा। इस अवसर पर योग गुरु मुकेश आरदा ने कहा कि जीवन में हम छोटी-छोटी बातों पर ध्यान दें, तो स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन योग आसान प्राणायाम ध्यान करें, कम से कम पैदल खाली पैर घूमें, भोजन अच्छी तरह चबाकर करें। सदैव बैठकर पानी घूंट-घूंट कर पीयें तो घुटने के दर्द से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमारे शरीर को स्वस्थ बनाए रखने में आहार का भी बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहता है इसलिए हितकारी आहार ही लें।

## सैनिक का प्रशिक्षण लेकर गृहग्राम लौटे देवाशीष, ग्रामीणों ने किया स्वागत



**देवरीबंगला।** ग्राम भंडेरा के देवाशीष देवांगन सेना की सात माह की ट्रेनिंग पूर्ण कर गृहग्राम लौटे। इस अवसर पर ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। देवाशीष ने ग्राम के युवाओं को आह्वान किया कि प्रत्येक साथी नशा तथा व्यसन से दूर रहकर देश सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहें। उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग जरूर कठिन था, लेकिन मैंने हौसला बुलंद रखा। देवाशीष ने अपने पिता राजेंद्र कुमार देवांगन तथा माता नारायणी देवांगन को सेना की टोपी पहनाकर सेल्यूट किया। माता-पिता की खुशी से आंखें भर आईं। सरपंच खेमिन ढाले ने ग्राम के युवक देवाशीष देवांगन का सेवा में चयन होने तथा ट्रेनिंग पूर्ण करने पर प्रसन्नता व्यक्त की। ग्रामीणों ने देवाशीष को अपने कंधे पर बिठाकर गली भ्रमण कराया तथा जय हिंद के नारे लगाए। आशीष का स्वागत करने वालों में नंदकुमार निषाद, रुपेश सिन्हा, धनेश्वरी सिन्हा, दीपक ढाले, कामता देवांगन, उप सरपंच रमेश साहू, लेखराम, कुलेश निषाद, सुनील सिन्हा सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## भाजपा शक्ति केंद्र कंवर में हुआ बूथ अध्यक्ष का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

भाजपा शक्ति केंद्र कंवर में बूथ अध्यक्ष का चुनाव किया गया। बूथ क्रमांक 169 में उदेराम साहू, बूथ क्रमांक 170 में छगन राम साहू एवं बूथ क्रमांक 171 में गुमान साहू को अध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## कुथरेल एवं मासूल में हुआ बूथ अध्यक्षों का चुनाव

**बालोद/कलंगपुर।** भारतीय जनता पार्टी मण्डल गुण्डरदेही के शक्ति केन्द्र अचौद में मण्डल महामंत्री थानसिंह मंडावी एवं मण्डल के मिडिया प्रभारी मोपेंद्र साहू के मार्गदर्शन में बूथ स्तर का चुनाव निर्विरोध हुआ। इसमें कुथरेल बूथ क्रमांक 240 में भगवान सिंह साहू एवं मासूल बूथ क्रमांक 245 में ताराचंद साहू को अध्यक्ष बनाया गया। इसके साथ ही बूथ सचिव विक्रांत सोनबोईर तथा दीपक साहू को चुना गया। इसके अतिरिक्त 15 पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता दुलार सिंह ठाकुर, डब्लू साहू, केशव राम साहू, ओमेश्वर साहू, वासुदेव साहू, इंदरमन साहू, मुकेश साहू, दीपक साहू, पवन साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा में जिले से डेविड शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 68 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत फुटबॉल बालक 17 वर्ष का आयोजन जम्मू में 30 नवंबर से 4 दिसंबर तक किया गया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय शालेय फुटबॉल टीम में बालोद जिले से एक मात्र चयनित खिलाड़ी डेविड दास ने जिले का प्रतिनिधित्व किया। डेविड दास बालोद जिले के आदिवासी विकास खण्ड डोंडी के पीएम श्री सेजेस स्कूल में कक्षा 11 वीं का छात्र है। राष्ट्रीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता में चयनित होने पर डेविड दास को डीईओ पीसी मर्कले, सहायक जिला खेल अधिकारी किशोर मेहरा, खेल समन्वयक स्वपन जेना, बीईओ भारद्वाज, विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी मंजुला यदु, प्राचार्य बीएस वद्दन सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।



ग्राम जमही के किसान बिना अनुमति उनकी जमीन पर निर्माण का कर रहे हैं विरोध

# खबर प्रकाशन के बाद नहीं पहुंची पुलिस, जारी रहा टोल प्लाजा का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

राष्ट्रीय राज मार्ग 930 के तहत झलमला से कुसुमकसा होकर मानपुर की ओर निर्माणाधीन सड़क चौड़ीकरण व उन्नयन कार्य में ग्राम जमही में निर्माणाधीन टोलप्लाजा में अपनी कृषि भूमि नहीं देने की मांग पर किसानों के अड़े रहने पर राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी व निर्माण एजेंसी पुलिस बल बुलाकर निर्माण कार्य चालू करने का समाचार प्रकाशित होते ही शनिवार को निर्माण स्थल पर पुलिस बल तो नहीं पहुंचा, लेकिन निर्माण एजेंसी का टोल प्लाजा के समीप किया जा रहा कार्य कर जारी है।

टोल प्लाजा निर्माण के एक छोर पर किसान अपनी जमीन नहीं देने की मांग पर अड़ा है, तो वहीं टोल प्लाजा के दूसरी ओर ग्राम पंचायत अड़जाल की शासकीय घास भूमि में ग्राम पंचायत की बिना सहमति के बेखौफ निर्माण एजेंसी दो मंजिला भवन का निर्माण कर दिया गया, जिसकी शिकायत के बाद भी शासन प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाई नहीं मिी गई। गौरतलब है कि 6 दिसंबर को राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारि व निर्माण एजेंसी के कर्मचारियों द्वारा पुलिस बल की उपस्थिति में टोल प्लाजा के बंद पड़े निर्माण कार्य को चालू किया गया। निर्माण स्थल पर राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी ने उपस्थित किसानों से दो टूक कहा था कि टोल प्लाजा का निर्माण कार्य नहीं रुकेगा, जमीन अधिग्रहण का कार्य हो गया है। इससे किसान आक्रोशित हो गए और हमारी जमीन हमारी बिना सहमति के, हमारे सामने जमीन की बिना नाप किए तथा बिना मुआवजा दिए कार्य शुरू करने पर आपत्ति जताई। राजेश चुरेंद्र जनपद सदस्य ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को राजस्व विभाग के साथ पहले सड़क मार्ग का एक साथ नापजोक करना था जिसके बाद निर्माण कार्य प्रारंभ करना था। किंतु राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के अधिकारी अपनी सुविधानुसार निर्माण कार्य करा रहे है जमीन अधिग्रहण के लिए ग्राम पंचायत व किसानों से सहमति लेना भी मुनासिब नहीं समझ रहे है जिससे ग्रामीणों ब किसानों को परेशानी आ रही है। अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य ने कहा कि टोल प्लाजा निर्माण के लिए आदिवासी किसानों की जमीन का अधिग्रहण दबंगतापूर्ण किया जा रहा है। इसलिए 6 दिसंबर शुक्रवार को पुलिस बल को निर्माण स्थल बुलवाया गया था।





मिली जानकारी के अनुसार देवेंद्र सिंद्रामे सरपंच ग्राम पंचायत अड़जाल द्वारा 2 जुलाई को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंडी को ग्राम जमही की जमीन में हो रहे अवैध निर्माण पर रोक लगाने चार बिंदुओं में ज्ञापन दिया गया। इसमें राष्ट्रीय राजमार्ग 930 पर निर्माणाधीन टोलप्लाजा व भवन ग्राम पंचायत अड़जाल के आश्रित ग्राम जमही के जमीन पर बन रहा है। उक्त ग्राम पूर्णतः आदिवासी ग्राम है। यहां पेशा कानून भी लागू है। उक्त ग्राम के प ह न 02 के खसरा क्रमांक 64/1 रकबा 1.05

**सरपंच ने 2 जुलाई को दिया था आवेदन**

हे. पर टोलप्लाजा व भवन का निर्माण किया जा रहा है। उक्त भूमि शासकीय घास भूमि है जिसे ग्राम के विकास (नया बस्ती बसाने) के लिए सुरक्षित रखा गया है। ग्राम जमही के विकास के लिए उक्त भूमि को आबादी घोषित कराने हेतु ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा उचित कार्यवाही की जा रही है। शासकीय प्रयोजन के लिए भूमि अधिग्रहण करने के पूर्व संबंधित भूमि स्वामी या शासन के विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाता है। अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पश्चात कोई भी निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाता है ,किंतु निर्माण एजेंसी द्वारा ग्राम पंचायत अड़जाल से टोलप्लाजा निर्माण हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं किया है। पूर्णतः आदिवासी ग्राम की गरीब जनता के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए उक्त अवेध निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई थी, किंतु निर्माण एजेंसीके आगे आदिवासी ब्लॉक के सरपंच के आवेदन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग, दांत रोग का इलाज